महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

पतंग महोत्सव 2021

हिंदी विश्वविद्यालय में उत्साह, उमंग के साथ मनाया पतंग महोत्सव

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में रविवार, 17 जनवरी को पतंग महोत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। महोत्सव का उदघाटन कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल और कुसुम शुक्ल की ओर से आकाश में रंगबिरंगी गुब्बारें छोड़कर किया गया। विश्वविद्यालय में पहली बार हुए इस पतंग महोत्सव में विद्यार्थी, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट, कुलसचिव कादर नवाज ख़ान, प्रो. हरीश अरोड़ा, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता तथा खेल समिति के अध्यक्ष प्रो.नृपेंद्र प्रसाद मोदी, खेल समिति के सचिव श्री अनिकेत आंबेकर एवं खेल समिति के अन्य सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे।

पतंग महोत्सव के उदघाटन पर कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने कहा कि पिछले अनेक दिनों से हम कोरोना के काल में बड़ी लडायी लड़ रहे थे। हम कोरोना पर विजय पाने की ओर बढ़ रहे हैं और पूरे भारत ने यह कर दिखाया है। एक प्रकार से पतंग महोत्सव कोरोना पर विजय का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि आकाश मे लहराती पतंगे की भांति हमारी आकांक्षाएं और अपेक्षाएं सफलता प्राप्त करेगी और आसमान को छूएगी। उदघाटन के प्रारंभ में कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल का स्वागत खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने पतंग और संबंधित सामग्री प्रदान कर किया।

विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित इस महोत्सव में छरू टीमें बनायी गयी थी जिसमें कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, विद्यार्थी, कर्मचारी तथा अन्य विद्यार्थी के नाम से टीमें शामिल थी। सभी टीमों को पतंग उड़ाने के लिए दस–दस मिनट का समय दिया गया था। दो घंटों से भी अधिक समय तक चले इस आयोजन में सभी ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और पतंगें उड़ाने का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिकेत आंबेकर ने किया तथा आभार प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने माना। महोत्सव को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय कर्मचारी सहकारी साख संस्था ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।